# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बून्दी (राजस्थान)

(Phone: 0747-2445415, E-mail Address- GC.BUNDI@RAJASTHAN.GOV.IN)

क्रमांक : जीसीबी / एनसीसी / 2020 / 1787 दिनांक : 30-09-20

## सूचना एवं निर्देश

सत्र 2020–21 के लिए एन.सी.सी. भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं, जिसका लिंक राजकीय महाविद्यालय, बून्दी की वेबसाइट **https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcbundi** पर उपलब्ध है। आवेदन की अंतिम दिनांक 08.10.2020 है।

**भर्ती प्रक्रिया :–**

1. कुल सीटें – 43, छात्र – 26, छात्राएँ – 17
2. ऑनलाईन माध्यम से आवेदन प्राप्त कर कुल रिक्त पदों की तुलना में दोगुने अभ्यर्थियों को अस्थाई रूप से चयन के लिए पात्र घोषित किया जायेगा।
3. अंतिम चयन महाविद्यालय सुचारू रूप से खुलने पर 14 राज. बटा.एन.सी.सी. मुख्यालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों द्वारा अथवा प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में होगा।
4. विद्यालय स्तर पर एनसीसी "ए" प्रमाण–पत्र धारी अभ्यर्थी सीधे ही अस्थाई रूप से चयन के पात्र होंगे, (आयु को छोडकर अन्य सभी नियमों में छूट) प्रमाण–पत्र गत तीन सत्र का ही मान्य होगा।
5. राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर खेलों में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को क्रमशः 5 व 3 प्रतिशत बोनस अंक प्रदान किये जायेंगे। दोनों प्रमाण–पत्र होने पर केवल अधिकतम 05 अंक ही प्रदान किये जायेंगे। प्रमाण–पत्र गत तीन सत्रों का ही मान्य होगा।
6. चयन का आधार कक्षा 12 स्तर पर प्राप्त अंकों का प्रतिशत व बोनस अंकों का योग होगा।
7. अंतिम चयन के समय प्रमाण स्वरूप सभी मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होंगे अन्यथा अभ्यर्थना रद्द कर दी जायेगी।

**आवेदन की योग्यताए :–**

1. आवेदन की अंतिम दिनांक तक अभ्यर्थी राजकीय महाविद्यालय, बून्दी में स्नातक प्रथम वर्ष (बीए, बीएससी, बीकॉम ) का **नियमित** विद्यार्थी हो। प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे।
2. आवेदक की जन्म दिनांक 01.07.2000 या इसके पश्चात् की हो। इससे पूर्व की जन्म दिनांक वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे।
3. आवेदक पूर्ण रूप से मेडिकली फिट हो, अंतिम चयन के समय प्रमाण स्वरूप सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**आवेदन के अयोग्य :–**

1. आवेदन की अंतिम दिनांक तक प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी।
2. दिनांक 01.07.2000 से पूर्व जन्मे अभ्यर्थी।
3. शारीरिक रूप से अक्षम (दिव्यांग) अभ्यर्थी।
4. मेडिकली अनफिट अभ्यर्थी।
5. शारीरिक रूप से विकृत अभ्यर्थी।
6. शरीर पर टेटू बने हुये अभ्यर्थी।

**फीस :–**

1. आवेदन हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।

Suchana Patt 2017

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बून्दी (राज.)

Scanned with CamScanner